## सार-समाचार

### ग्रामीणों ने अभियन्ता को सौंपा ज्ञापन

**उदयपुर, (कासं)।** शहर से सटे डाकन कोटडा और नेला क्षेत्र में खनन, क्रेशर और गिट्टी के अवैध डंपिंग यार्ड के कारण उत्पन्न समस्याओं को लेकर परेशान ग्रामीणों ने शुक्रवार को खान विभाग के अभियंता आसिफ अंसारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीण तुलसीराम डांगी ने बताया कि ग्राम नेला और डाकन कोटडा के 20 से अधिक किसानों ने परेशान होकर ज्ञापन के माध्यम से खान विभाग के अधिकारियों से कहां कि अवैध खनन, क्रेशर और गिट्टी के मलबे के कारण न केवल हमारे कृषि कार्यों पर, बल्कि हमारे जीवनयापन और पर्यावरण पर भी गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। डाकन कोटडा और नेला, जो सदियों से उर्वर कृषि भूमि और हरे-भरे प्राकृतिक संसाधनों के लिए प्रसिद्ध हैं, इन अवैध गतिविधियों के कारण अब बुरी तरह से प्रभावित हो गए हैं। हमारे क्षेत्र में बोर का तालाब है, जिसमें प्राकृतिक जल निकासी के माध्यम से जल आता है और निकासी व्यवस्था के माध्यम से तालाब से बाहर बहता है। लेकिन खनन पट्टों और क्रेशर मालिकों द्वारा किए जा रहे अवैध मलबे और गिट्टी के मलबे के कारण इस तालाब को अब एक अवैध डंपिंग यार्ड बना दिया है। इसके परिणामस्वरूप तालाब में प्राकृतिक जल प्रवाह अवरुद्ध हो गया है, जिससे हमारी भूमि जलभराव और प्रदूषण का शिकार हो रही है। ज्ञापन देने वालों में ज्ञापन देने वालों में तुलसीराम डांगी, तेजराम, गणेशलाल डांगी, नारायणलाल, लोकेश डांगी सहित 20 से अधिक किसान मौजूद रहे।

### दिवेर विजय दिवस महोत्सव सात को

**उदयपुर, (कासं)।** मेवाड के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में निर्णायक युद्ध माने जाने दिवेर युद्ध के महत्व को जन-जन में पहुंचाने के उद्देश्य से प्रताप गौरव केंद्र 'राष्ट्रीय तीर्थ' के तत्वावधान में इस वर्ष दिवेर विजय महोत्सव वृहद स्तर पर मुख्य समारोह 7 अक्टूबर शाम 5.30 बजे होगा। इसमें मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार होंगे। साथ ही, बडीसादडी गोपाल आश्रम के पीठाधीश सुदर्शनाचार्य महाराज का सान्निध्य व आशीर्वचन भी प्राप्त होगा। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति के अध्यक्ष प्रो. बीपी शर्मा ने बताया कि दिवेर युद्ध एक युगान्तरकारी परिवर्तन लाने वाला युद्ध था जिसमें विजय प्राप्त करने के पश्चात अगले दो-तीन वर्षों में मेवाड में सभी मुगल थाने समाप्त हो गए। अगले दो दशक से अधिक वर्षों तक समूचे मेवाड में शांति रही। मेवाड के स्वतंत्रता संग्राम की दृष्टि से इस महत्वपूर्ण युद्ध की विजय के इतिहास को जनमानस में व्याप्त करने एवं महाराणा प्रताप के संघर्ष को स्मरण करने के लिए दिवेर विजय महोत्सव मनाने के निर्णय लिया। दिवेर विजय का दिन विजयदशमी था, चूंकि उस दिन पारम्परिक कार्यक्रमों की विविधता रहती है, इसलिए इसके उपलक्ष्य में 7 अक्टूबर को दिवेर विजय महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम रखा गया है। महोत्सव के संयोजक सुभाष भार्गव ने बताया कि महोत्सव के तहत स्कूल शिक्षा, कॉलेज शिक्षा, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सहयोग से पूरे राज्य में भाषण व निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ है। विद्यालयों-महाविद्यालयों में व्याख्यानमालाएं भी हुईं। पहली बार इस विषय को लेकर 29 सितम्बर को राज्यव्यापी ऑनलाइन ओपन बुक प्रश्नोत्तरी का आयोजन हुआ जिसमें राज्य भर के ढाई हजार से अधिक विद्यालयों के 32 हजार से अधिक बच्चों ने भाग लिया। सभी प्रतियोगिताएं अलग-अलग कक्षा स्तर पर हुईं। उदयपुर शहर स्तर पर 27 सितम्बर को चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

### वाइल्ड विजडम क्विज व इको ट्रेल संपन्न

**उदयपुर, (कासं)।** वन विभाग, डब्ल्यूडबल्यू एफ़ इंडिया एवं ग्रीन पीपल सोसाइटी उदयपुर द्वारा 70 वें वन्यजीव सप्ताह के तीसरे दिन क्रोकोडाइल बाघदड़ा कांजेर्वेशन रिजर्व में स्कूल के विद्यार्थियों के लिये वाइल्ड विजडम क्विज एवं को ट्रेल सम्पन्न हई । सहायक वन संरक्षक गणेशी लाल गोठवाल ने कांजेर्वेशन रिजर्व के बारे में जानकारी दी एवं अथितियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डबल्यूडब्ल्यूएफ़ इंडिया उदयपुर के प्रभारी अधिकारी अरुण सोनी ने किया। रेस्क्यू डिवीज़न के रेंजर गजेंद्र सिंह ने भी विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया। वन्यजीवों के जानकार नवीन सिंह ने इकोट्रेल में बच्चों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के 345 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उपवन संरक्षक देवेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम के चौथे दिन 5 अक्टूबर को बर्ड पार्क गुलाब बाग मे बच्चों को पार्क विजिट करवाते हुए उन्हें विभिन्न प्रजातियो के पक्षियों की जानकारी दी जायेगी।

### पैडल टू जंगल के पोस्टर का विमोचन

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए ग्रीन पीपल सोसाइटी, वन विभाग, पर्यटन विभाग एवं विश्व प्रकृति निधि भारत के संयुक्त तत्वावधान में पैडल टू जंगल के आठवें संस्करण का पोस्टर विमोचन पूर्व राजपरिवार सदस्य लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने किया। ग्रीन पीपल समिति के अध्यक्ष राहुल भटनागर ने स्वलिखित पुस्तक अरण्यम श्री मेवाड़ को भेंट की। श्री मेवाड़ ने प्रतिवर्ष होने वाले इस आयोजन की सफलता की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सोसायटी पदाधिकारी विक्रम सिंह, सुहेल मजबूर, प्रताप सिंह चुण्डावत, डॉ. इन्द्र माथुर एवं् बलबीर नारुका उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक राहुल भटनागर ने बताया कि यह आयोजन 19 से 22 दिसंबर तक किया जाएगा। इसमें प्रतिभागियों को बेणेश्वर धाम से साइकिल यात्रा प्रारंभ कराकर अरावली की हसीन वादियों के साथ प्राकृतिक व रमणीय स्थलों पर रात्रि विश्राम कराया जाएगा।

### पलक गुर्जर को गोल्ड मेडल

**उदयपुर, (कासं)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मुख्य आतिथ्य में आयोजित मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के 32वे दीक्षांत समारोह में उदयपुर की राष्ट्रीय निशानेबाज़पलक गुर्जर को सोशियोलॉजी ऑनर्स विषय में यूनिवर्सिटी टॉप करने पर गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के लिए सुखाड़िया विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.सुनीता मिश्रा ने पलक के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समाजसेवी श्रीमती कामिनी गुर्जर की पुत्री पलक ने शिक्षा के साथ-साथ शूटिंग खेल में भी कई बार उदयपुर को गौरवान्वित किया है। राष्ट्रीय शूटर के रूप में अपनी पहचान बनाने वाली पलक गुर्जर कई राष्ट्रीय व ऑल इंडिया चैम्पियनशिप्स में प्रतिनिधित्व कर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दे चुकी है।

### विज्ञान प्रोजेक्ट प्रदर्शनी लगाई

**उदयपुर, (कासं)।** राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जोगी तालाब में विज्ञान प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य सी.एस. टाक ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियो के सर्वांगीण विकास एवं कौशल विकास को बढ़ावा देना है। प्रदर्शनी में सिविल, इलेक्ट्रिकल व मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 20 अभिनव प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए गए जिनमें से प्रथम स्थान पर सुनील, परमवीर, जयेश, राहुल व कृष्णपाल तथा द्वितीय स्थान पर जैमिन पांचाल व तृतीय स्थान राजवीर ने प्राप्त किया। विजेता रहे छात्र 17 अक्टूबर को जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रोजेक्ट में भाग लेंगे।

### चिकित्सा शिविर आयोजित

**उदयपुर, (कासं)।** भुवाणा स्थित महेश सेवा संस्थान परिसर में शनिवार को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के अध्यक्ष राजेश राठी ने बताया कि शिविर सुबह 9 से 11 बजे तक होगा जिसमें फिजिशियन डॉ. जेके छापरवाल तथा शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ मुकेश देवपुरा सेवाएं देंगे। रोगियों को अपनी पुरानी रिपोर्ट लानी होगी। डॉ. देवपुरा महेश पब्लिक स्कूल के बच्चों की भी चिकित्सा जांच करेंगे। सचिव ललित प्रसाद ने बताया कि डॉ. छापरवाल प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को महेश सेवा संस्थान परिसर में सुबह 9 से 11 बजे नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श प्रदान करेंगे।

### डॉ. रत्ना सिसोदिया का चयन

**उदयपुर, (कासं)।** पैसिफिक स्कूल आफ ला , पाहेर विवि (उदयपुर) की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रत्ना सिसोदिया का अर्जेंटीना की प्रतिष्ठित रिसर्च जर्नल रेविस्टा डे ड्रेचो एम्प्रेसरिओ के अकादमिक कॉउन्सिल के सदस्य के रूप में चयन हुआ । 9 अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ सदस्यों के इस कॉउन्सिल में डॉ. सिसोदिया पहली भारतीय सदस्य है। विधि के क्षेत्र से जुडी यह जर्नल स्पेनिश व इंग्लिश भाषा मे शोध प्रकाशित करती है।

### आयुर्वेद पंचकर्म शिविर 14 से

**उदयपुर, (कासं)।** सिंधी बाजार स्थित राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय में आरोग्य समिति की ओर से 14 से 18 अक्टूबर तक सुबह 9 से 3 बजे तक 35 वें विशाल नि:शुल्क आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सा शिविर आयोजित होगा। शिविर प्रभारी वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. शोभालाल औदीच्य ने बताया कि शिविर में विभिन्न रोगों का उपचार किया जाएगा।

# खेल को खेल की भावना से खेलने की ली शपथ

- राज्य स्तरीय विद्यालयी 19 वर्ष छात्र हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ

**उदयपुर, (कासं)।** 68वीं राज्य स्तरीय विद्यालयी 19 वर्ष छात्र हॉकी प्रतियोगिता पीएमश्री राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरजपोल में शुरू हुई ।

इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया ने बताया कि उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि उप महापोर नगर निगम उदयपुर पारस सिंघवी थे । अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के जिला सचिव कुलदीप शर्मा ने की । विशिष्ट अतिथि दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की साध्वी चिन्मया भारती , जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक लोकेश भारती, उप जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा लक्ष्मण सालवी, प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक डॉ. गोविंद सिंह राठौड शहर विधायक प्रतिनिधि जगदीश शर्मा, हॉकी ओलंपिक समिति के सदस्य एवं जिला सचिव कुलदीप सिंह झाला, पार्षद प्रतिनिधि कालू गुर्जर, खेल सचिव डॉ धर्मेंद्र सिंह शक्तावत, चयन समिति के संयोजक दिग्विजय सिंह राणावत, राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री डॉ भैरू सिंह राठौड, मीडिया प्रभारी गोपाल सिंह आसोलिया, व्याख्याता महिपाल सिंह राठौर एवं शंभू सिंह आसोलिया हर्षवर्धन सिंह राव थे। विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का स्वागत अभिनंदन मेवाडी साफा एवं ऊपरना धारण करवा कर तथा स्मृति चिन्ह भेंट करके किया । अतिथियों के स्वागत में बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इसके बाद प्रदेश भर के खिलाडियों के दलो द्वारा ध्वज को सलामी देते हुए मार्च पास्ट किया । मुख्य अतिथि सिंघवी द्वारा खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन की घोषणा के बाद खिलाडियों द्वारा खेल को खेल एल भावना से खेलने की शपथ ग्रहण की गई। अतिथियों के हाथों ध्वजारोहन के बाद गुब्बारे आसमान में उडाकर तथा उद्घाटन मैच के खिलाडियों से परिचय प्राप्त करते हुए हॉकी स्टीक से बोल मारकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि पारस सिंघवी ने कहा कि जीवन में खेल हमें बहुत कुछ सीखना है खेल गतिविधियां सदा जीवित रहनी चाहिए । समारोह को विशिष्ट अतिथि जिला हॉकी ओलंपिक समिति के संयुक्त सचिव कुलदीप सिंह झाला ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा घोषित की गई महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी को उदयपुर में खोले जाने के प्रयास किए जाने चाहिए ताकि यहां पर सभी प्रकार के खेलों को बढावा मिले । चयन समिति के संयोजक दिग्विजय सिंह राणावत ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल प्रदेश की 43 टीमें ले रही है जिसमें 764 खिलाडी तथा 139 कोच एवं मैनेजर हैं । विशिष्ट अतिथि दिव्या ज्योति संस्थान की साध्वी चिन्मयई भारती ने कहा कि समय का सदुपयोग, लक्ष्य के प्रति फॉकस और मन को स्थिर रखकर लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।

# पैंथर के हमलों को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

- पूर्व मंत्री गरासिया ने कहा कि दो सप्ताह से ज्यादा समय हो गया है लेकिन अभी तक पैंथर को नहीं पकड़ सके
- ग्रामीणों की सुरक्षा और मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की मांग

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर जिले के गोगुंदा और झाडोल ब्लॉक में लगातार पेंथर के हमलों को लेकर ग्रामीणों में विरोध है वहीं शुक्रवार को उदयपुर में देहात कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट पर धरना देकर प्रदर्शन किया। राज्य सरकार पर नेताओं ने हमला बोला और कहा कि वे जनता की मदद नहीं कर पा रहे है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा. किसी के बच्चे की, किसी की मां तो किसी की पत्नी और पिता की जान जा रही है लेकिन वन विभाग पेंथर को पकडने में नाकामयाब रहा। पेंथर उसके उलट इंसानों पर हमले करता ही जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आदमखोर पेंथर के हमले में जिनकी जान गई। उनके परिवार को अभी तक उचित मुआवजा भी नहीं मिला है।

धरना स्थल पर गोगुंदा से आने वाले कांग्रेस के पूर्व देहात जिलाध्यक्ष लालसिंह झाला ने कहा पेंथर के लगातार हमले इंसानों पर हो रहे है लेकिन वन विभाग अभी तक बरसों से वहां रहने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर कोई रास्ता नहीं निकाल सका और न पेंथर को पकड सकें। झाला ने कहा कि जिन परिवारों के घरों में मौत हुई है उनको मुआवजा भी नहीं दिया गया। पूर्व मंत्री और गोगुंदा के पूर्व विधायक डॉ.मांगीलाल गरासिया ने कहा कि दो सप्ताह से ज्यादा समय हो गया है लेकिन अभी तक पेंथर को नहीं पकड सके। उन्होंने कहा कि लोगों की मौत का आंकडा बढता जा रहा है लेकिन सरकार ने इसको गंभीरता से नहीं लिया है। उदयपुर के पूर्व सांसद रघुवीर सिंह मीणा ने कहा कि पेंथर को लेकर इस तरह की घटनाएं बढी है तो सरकार और वन विभाग को इसकी तह में जाना चाहिए और सबसे पहले इन गांवों में खौफ में जी रहे लोगों को संबल देते हुए उनकी जान बचाए।

धरने में उदयपुर देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी, शहर अध्यक्ष फतहसिंह राठौड, लोकसभा के कांग्रेस के प्रत्याशी ताराचंद मीणा,वल्लभनगर की पूर्व विधायक प्रीति गजेंद्र सिंह शक्तावत,उदयपुर ग्रामीण से कांग्रेस प्रत्याशी रहे विवेक कटारा, दिनेश श्रीमाली, पंकज शर्मा,नजमा मेवाफरोश, डॉ संजीव राजपुरोहित,टीटू सुथार,रामसिंह चदाणा सहित गोगुंदा और बडगांव ब्लॉक के कांग्रेसी कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

### शिविर अब 16 अक्टूबर तक

**भीण्डर, (निसं)।** भीण्डर के समता भवन में आयोजित किये जा रहे एक्यूप्रेशर शिविर को अब 16 अक्टूबर तक आयोजित किया जायेगा। स्वामी विवेकानंद परिषद अध्यक्ष मांगीलाल साहू ने बताया कि एक्यूप्रेशर, सुजोक, वाइब्रेशन, चुंबकीय थेरेपी शिविर 16 अक्टूबरआयोजित किया जायेगा।

# जागरूकता रैली निकाली

**राजसमंद, ०(निसं)।** जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस की साप्ताहिक गतिविधियों का आयोजन बुधवार को प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर बेटी बचाओ-बेटी पढाओ की शपथ दिलाकर शुरू किया गया। बेटी बचाओ - बेटी पढाओ के उद्देश्यों के अनुरूप महिला अधिकारी विभाग से सहायक निदेशक रश्मि कोशिश की अध्यक्षता में शुक्रवार को बेटी बचाओ -बेटी पढाओ योजना के उद्देश्यों बालिकाओं के अस्तित्व, संरक्षण एवं सशक्तिकरण के प्रति विभागीय योजनाओं पर जोर दिया व अधिक से अधिक बालिकाओं और महिलाओं को जागरूकता वह लाभान्वित किया जाए और इसी के साथ जागरूकता रैली का कार्यक्रम आयोजित किया गया। रैली में प्रचेता पुष्पा पालीवाल, सूचना सहायक ललित तेली व साथिनो के द्वारा बेटा-बेटी एक समान, एक बेटी पढेगी का संदेश दिया।


